Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding speedy implementation of PM Awaas Yojana and restarting the PM Awaas Yojana Portal in Banswara.

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): सभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य काल में अपनी बात रखने का मौका दिया। मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बांसवाड़ा डूंगरपुर आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। यहां पर लाखों की आबादी निवास करती है।

उनमें से अधिकतर परिवारों के पास खुद का अपना घर नहीं है और वे कच्चे या टूटू-फूटे घर में ही अपना गुजर बसर करने के लिए मजबूर हैं। ऐसे परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित है।

मैं माननीय प्रधानमंत्री जी का बहुत-बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मेरे जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र का ध्यान रखा और गरीब आदिवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराया है। किन्तु राजस्थान सरकार की लापरवाही व ऑनलाइन पोर्टल बंद होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्रता रखने वाले बहुत सारे परिवार अभी भी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं और योजना से वंचित हैं।

इस बीच राज्य सरकार द्वारा दो बार ऑफ लाइन आवेदन किए गए थे, लेकिन उसका सत्यापन अभी तक नहीं हो पाया है। अगर इसी तरह धीमी गति से यह कार्य चलता रहा तो वर्ष 2024 तक भारत सरकार द्वारा रखे गए लक्ष्य हासिल नहीं हो पाएंगे।

मैं सदन के माध्यम से माननीय ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त विषय पर राजस्थान सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्य में तेजी लाने व पोर्टल को दोबारा शुरू करने का निर्देश दिया जाए ताकि पात्रता रखने वाले गरीब परिवारों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध हो सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।